हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

बुधवार, 09 फरवरी 2022, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

Page No. 05 : Middle

रिद्धिमा के पहले स्थापना दिवस पर सजी सुरों की महफिल

दयार-ए-दिल की रात में चराग सा जला गया...

आयोजन

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थान रिद्धिमा का मंगलवर को पहला स्थापना दिवस मनाया गया और इस मौके सुर-संगीत की महफिल सजी। साथ ही एसआरएमएस ट्रस्ट ने स्वतंत्रता सेनानी राममूर्ति का 112वां जन्मदिवस मनाया।

कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम ट्रस्ट चेयरमैन देव मूर्ति ने स्वतंत्रता सेनानी राम मूर्ति की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। दीप प्रज्वलन के बाद रिद्धिमा गुरुओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन कर रहे आशीष कुमार ने सभी का स्वागत किया। सजी सुरों की महफिल में पहली प्रस्तुति इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक से हुई। कार्यक्रम में अगली प्रस्तुति संगीत से हुई, जिसमें राग खमाज को रिद्धिमा गुरुओं ने वाद्य यंत्रों से पेश किया। गायन गुरु शिवंगी मिश्रा ने गजल दयार-ए-दिल की रात में चराग सा जला गया सुनाकर सभी को मुग्ध कर दिया। अंत में कथक गुरु देबज्योति नस्कर, रियाश्री चटर्जी और भरतनाट्यम गुरु अंबाली प्रहराज ने अपनी अपनी नृत्य कलाओं से सभी को मोह लिया। सभागार में आशा मूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, रजनी अग्रवाल, जेसी पालीवाल, सुभाष मेहरा, गुरु मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

एसआरएमएस रिद्धिमा में मनाया पहला स्थापना दिवस। • हिन्दुस्तान